नई दिल्ली, गुरुवार
25 जुलाई, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16+4=20


# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



राजधानी में रेलवे से जुड़ीं परियोजनाओं पर खर्च होंगे 2,582 करोड़ 7

नीरज चोपड़ा एथलेटिक्स में पदक के सबसे बड़े दावेदार 14

# दुश्मन की मिसाइल को आसमान में ही ध्वस्त कर देगी भारत की `एडी-1'

## रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत ने बढ़ाया एक और अहम कदम

- डीआरडीओ ने ओडिशा में समुद्र तट से किया सफल परीक्षण, रक्षा मंत्री ने दी बधाई
- अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराने में सक्षम है यह इंटरसेप्टर मिसाइल



ओडिशा के चांदीपुर समुद्र तट पर परीक्षण के दौरान उड़ान भरतीं पृथ्वी 2 और एडी 1 मिसाइलें ● डीआरडीओ

**भारत की मिसाइल क्षमता**

| मिसाइल का नाम | मारक क्षमता (किलोमीटर में) |
|---|---|
| अग्नि- 1 | 1,200 |
| अग्नि- 2 | 3,500 |
| अग्नि- 3 | 5,000 |
| अग्नि-4 | 4,000 |
| अग्नि-5 | 8,000 |
| प्रहार | 150 |
| पृथ्वी- 1 | 150 |
| पृथ्वी- 2 | 350 |
| धनुष | 400 |
| ब्रम्होस | 500 |
| निर्भय | 1,000 |
| शौर्य | 3,500 |

**नोट:** कुछ मिसाइलें सेना में शामिल हैं और कुछ के परीक्षण हो रहे हैं।

**जासं, बालेश्वर :** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को ओडिशा में समुद्र तट से शक्तिशाली इंटरसेप्टर मिसाइल एडी-1 (एयर डिफेंस) का सफल परीक्षण कर रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और अहम कदम आगे बढ़ाया। यह परीक्षण करने के लिए पहले चांदीपुर में अब्दुल कलाम द्वीप स्थित लांच पैड थ्री से पृथ्वी-2 न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल टारगेट के रूप में दागी गई। इसके चार मिनट बाद ही भद्रक जिले के धामरा में स्थित परीक्षण केंद्र से इंटरसेप्टर मिसाइल एडी-1 लांच की गई जिसने टारगेट बनी पृथ्वी-2 मिसाइल को सफलतापूर्वक मार गिराया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइल के सफलतापूर्वक परीक्षण के लिए डीआरडीओ की सराहना की और विज्ञानियों की टीम को बधाई दी है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डा. समीर वी कामत ने भी पूरी टीम को बधाई दी है। एडी-1 समुद्र आधारित एंडो-एटमास्फेरिक बीएमडी इंटरसेप्टर मिसाइल है, जो दुश्मन की पांच हजार किलोमीटर रेंज वाली अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों (आइसीबीएम) को मार गिराने में सक्षम है। यह मिसाइल दुश्मन की मिसाइल को भारत की धरती को छूने से पहले ही आसमान में नष्ट कर देगी।

**तत्काल मिला अलर्ट:** सरकार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि पृथ्वी-2 को बैलिस्टिक टारगेट मिसाइल बनाकर शाम 4.20 बजे लांच किया गया। इसे जमीन और समुद्र में तैनात रक्षा प्रणाली ने तत्काल पहचाना और एडी-1 इंटरसेप्टर मिसाइल प्रणाली को अलर्ट किया। 4.24 बजे एडी-1 मिसाइल लांच की गई। यह परीक्षण युद्धक हथियार प्रणाली से जुड़े सभी मानकों पर खरा उतरा, जिनमें लंबी दूरी के सेंसर और संचार प्रणाली भी शामिल है। इस परीक्षण में मिसाइल से जुड़ा डाटा के परीक्षण के लिए युद्धक पोत सहित विभिन्न स्थानों पर ट्रैकिंग इंस्ट्रूमेंट लगाए गए थे।

**स्वदेशी तकनीक से किया गया लैस:** एडी-1 मिसाइल का लक्ष्य तक सटीक रूप से मार्गदर्शन करने के लिए इसे स्वदेशी रूप से विकसित उन्नत नियंत्रण प्रणाली से लैस किया गया है। इसकी गति 5,367 किलोमीटर प्रति घंटा है। इंटरसेप्टर एडी-1 को अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलों को ध्वस्त करने के उद्देश्य से ही बनाया गया है। ऐसी मिसाइल का सफल परीक्षण कर भारत बैलिस्टिक मिसाइल के खतरों से निबटने में अपनी बढ़ती क्षमता का प्रदर्शन कर रहा है। एडी-1 के परीक्षण के लिए चांदीपुर के आसपास के 10 गांवों के 10,581 लोगों को अस्थायी तौर पर स्थानांतरित किया गया था।

## संपादकीय

**बजट से आगे की चुनौती:** बजट में विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर कई अच्छी पहल हुई हैं, लेकिन उनकी सफलता इस पर निर्भर करेगी कि उन पर अमल कैसे होता है। **जीएन वाजपेयी** का विश्लेषण।



**नौकरशाही की जकड़न से निकले शिक्षा:** जो उच्च शैक्षिक पद वर्ष 1975-80 तक शिक्षविदों के पास होते थे, अब उन सब पर नौकरशाह काबिज हैं। **जगमोहन सिंह राजपूत** का दृष्टिकोण। ● पेज 10

## जागरण विशेष

### पर्यावरण प्रहरी बन विकास को गति देता सीमावर्ती गांव

**उत्तरकाशी:** चीन सीमा के निकट वाइब्रेंट विलेज में शामिल उत्तरकाशी जिले का झालागांव पर्यावरण प्रहरी बनकर सतत विकास को भी गति दे रहा है। ● पेज 14

## अंदर पढ़ें

### काठमांडू में विमान दुर्घटना में 18 लोगों की मौत

**काठमांडू:** नेपाल की राजधानी काठमांडू में बुधवार को एक निजी कंपनी का विमान उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक बच्चे समेत 18 लोगों की मौत गई है। विमान का पायलट गंभीर रूप से घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विमान में चालक दल के दो सदस्य समेत 19 लोग सवार थे। ● पेज 16

## विश्वास.News

### आप नेता संजय सिंह का एडिटेड वीडियो प्रसारित ?

विश्वास न्यूज की पड़ताल ● पेज 8

# लोकसभा में सरकार ने दिखाया विकास का दूरदर्शी लक्ष्य, तीर छोड़ता रहा विपक्ष



लोकसभा में मानसून सत्र के बीच बुधवार को कांग्रेस सदस्य कुमारी सैलजा ने आम बजट 2024 की कई खामियां गिनाईं ● प्रेट्र



लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान बोलते भाजपा सदस्य बिप्लव कुमार देब ● एएनआइ

- बजट पर चर्चा के दौरान बिहार और आंध्र प्रदेश को मिले पैकेज को लेकर हमलावर रहे विपक्षी दलों के नेता
- भाजपा सदस्यों ने किया पलटवार, बिप्लव बोले- 400 पार करेंगे और 2047 तक सत्ता में रहेगा राजग

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान पूरा विपक्षी खेमा लगभग समान लकीर पर चला। राजग सरकार को घेरने के लिए आरोप तो कई लगाए, लेकिन सबसे अधिक जोर इसी आरोप पर रहा कि इस बजट के माध्यम से सरकार ने बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष पैकेज देकर अपने गठबंधन सहयोगियों को साधने का प्रयास किया है। हालांकि, सरकार की ओर से भी उसी धार के साथ पलटवार किया गया। सत्ता पक्ष ने सरकार की योजनाएं व उपलब्धियां गिनाते हुए विकास का दूरदर्शी लक्ष्य दिखाया और दावा किया कि 400 सीटें भी पार करेंगे और 2047 तक राजग की सरकार भी रहेगी।

विपक्ष की ओर से बजट पर चर्चा शुरू करते हुए कांग्रेस सदस्य कुमारी सैलजा ने तीखा प्रहार किया। उन्होंने बजट में तमाम खामियां गिनाते हुए तंज कसा कि यह कुर्सी बचाओ बजट है। उनका इशारा बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष पैकेज दिए जाने को लेकर था। साथ ही प्रश्न भी खड़े किए कि हरियाणा को कुछ क्यों नहीं दिया गया? आरोपों की इसी धार को विपक्षी खेमे के अन्य नेताओं ने भी आगे बढ़ाया। कांग्रेस के शशि थरूर ने सरकार पर योजनाओं के नाम बदलने को लेकर तंज कसा कि आयुष्मान वेलनेस सेंटर का नाम अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर कर दिया गया है। भाजपा को उत्तर प्रदेश से सबक लेना चाहिए कि वह मंदिर का राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास नहीं करे।

सरकार की ओर से भाजपा सांसदों ने अपने तरीके से विपक्ष को जवाब दिया। बिप्लव कुमार देब ने कांग्रेस पर तंज कसा-कांग्रेस कह रही है कि भाजपा 400 पार नहीं कर सकी, जबकि खुद कांग्रेस लगातार तीन चुनावों को मिलाकर भी 240 सीटों का आंकड़ा नहीं छू सकी। उन्होंने दावा किया-हम 400 पार करेंगे और 2047 तक राजग सरकार भी रहेगी, जो भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। उन्होंने कहा-कांग्रेस की कुमारी सैलजा ने इसे कुर्सी बचाओ बजट नाम दिया है। इसका मतलब है कि उन्हें बिहार और आंध्र प्रदेश की जरूरत नहीं है। उन्होंने संविधान के मुद्दे पर भी कांग्रेस को घेरा। कहा-जिस कांग्रेस ने सिर्फ एक व्यक्ति इंदिरा गांधी के लिए देश पर आपातकाल थोपा, 70 बार संविधान में संशोधन किए, वह आज संविधान की प्रति लेकर घूम रही है। इसी तरह भर्तृहरि महताब ने कहा कि पहली बार किसी केंद्र सरकार ने विभिन्न प्राकृतिक और मानव संसाधन संपन्न पूर्वी क्षेत्र के राज्यों के विकास में नीतिगत हस्तक्षेप किया है। उन्होंने जवाब दिया-विपक्षी दलों ने कहा है कि ओडिशा के लिए बजट में कोई घोषणा नहीं है। उन्हें पूर्वोदय योजना की घोषणा देखनी चाहिए, जिसमें राज्य के चहुंमुखी विकास की बात कही गई है। ये पांच राज्य विकसित भारत के इंजन साबित होंगे। विपक्ष के आरोप निराधार हैं कि इस बजट पर लोकसभा चुनाव के परिणाम का असर है, बल्कि इसमें मोदी सरकार का दूरदर्शी सोच दिखाई देता है।


विशेष आयोजन >> पेज 12,13
संबंधित >> पेज 7,15 व संपादकीय


# जम्मू-कश्मीर में आतंकी जेल जाएंगे या फिर जहन्नुम


- केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में किया एलान
- कहा-मोदी सरकार की आतंकवाद पर जीरो टालरेंस की है नीति



राज्यसभा में बुधवार को बोलते केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ● एएनआइ

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में जम्मू और कश्मीर की गुलाबी तस्वीर खींचते हुए कहा कि इस केंद्र शासित प्रदेश में शांति बहाल हो चुकी है और इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि पिछले साल ही क्षेत्र में दो करोड़ 11 हजार पर्यटक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि हाल में हुईं आतंकी गतिविधियां जल्द ही खत्म हो जाएंगी। वह अपने मकसद में कामयाब नहीं होंगे। मोदी सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टालरेंस की नीति पर चलती है।

केंद्रीय मंत्री राय ने बुधवार को कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के एक सवाल के जवाब में कहा, 'मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि आतंकी या तो जेल में होंगे या जहन्नुम जाएंगे। हम आतंकवाद का खात्मा करेंगे।' राय ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में 28 आतंकी मारे गए हैं। सुरक्षा बलों के भी कुछ अफसर बलिदान हुए हैं, जोकि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। सुरक्षा बलों ने 2019 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद से अब तक करीब 900 आतंकियों को मार गिराया है। वर्ष 2004-2014 के बीच जब केंद्र में यूपीए की सरकार थी, तब जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद की 7,217 घटनाएं हुईं थीं। जबकि इसी अवधि में 2,892 आम नागरिकों और सुरक्षा बलों की जानें गईं थीं। लेकिन अब जम्मू और कश्मीर में आतंकी घटनाओं में 69 प्रतिशत की कमी आई है। केंद्र शासित प्रदेश के लोग अब शांतिपूर्ण वातावरण में रह रहे हैं और यहां सुरक्षा की पूरी गारंटी है। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर में पिछले तीन सालों में पर्यटन क्षेत्र में सालाना औसत 15.13 प्रतिशत विकास दर में इजाफा हुआ है। यहां इस साल जनवरी से जून के बीच कुल 1,08,41,009 पर्यटक पहुंचे। यह कोरोना काल के बाद से पर्यटकों की रिकार्ड आमद है। संबंधित >> पेज 16



********


हरियाणा सरकार
म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा
हम हरियाणवी
अब 24 घंटे बिजली पाते हैं
प्रदेश के 5816 गांवों में 24 घंटे बिजली उपलब्ध
वर्ष 2014 से पहले सिर्फ 538 गांवों को मिलती थी 24 घंटे बिजली
ट्रांसफार्मर खराब या चोरी होने पर किसानों से कोई शुल्क नहीं
9.5 लाख गरीब परिवारों के
मिनिमम मासिक चार्ज (MMC) अब खत्म
निरंतर हर घर को
बिजली उपलब्ध हो रही है
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in
Follow us on
@diprharyana

********

### आज का मौसम

बृहस्पतिवार को सामान्यतया बादल छाए रहेंगे। हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा होने के आसार है। अधिकतम तापमान 34 डिग्री के आसार है।

| पूर्वानुमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | | |
| 25 जुलाई | 34.0 | 26.0 |
| 26 जुलाई | 35.0 | 27.0 |
| नोएडा | | |
| 25 जुलाई | 35.0 | 28.0 |
| 26 जुलाई | 36.0 | 28.0 |
| गुरुग्राम | | |
| 25 जुलाई | 34.0 | 30.0 |
| 26 जुलाई | 35.0 | 29.0 |

डिग्री सेल्सियस में

# दिसंबर तक ड्रेनेज मास्टर प्लान तैयार करने का दिया निर्देश

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए जो ड्रेनेज मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है, मुख्य सचिव नरेश कुमार ने इसे दिसंबर तक तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसे देखते हुए पीडब्ल्यूडी ने पिछले सप्ताह इस पर काम कर रहीं दोनों सलाहकार कंपनियों के साथ बैठक की है और प्रगति रिपोर्ट ली है। पीडब्ल्यूडी ने तीनों जल निकासी के प्रमुख नालों नजफगढ़ बेसिन, बारापुला बेसिन व यमुनापार बेसिन को लेकर कंपनियों को 31 दिसंबर तक डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर लेने की हिदायत दी। इसी के आधार पर जलभराव की समस्या से समाधान दिलाने के लिए ड्रेनेज मास्टर प्लान पर काम शुरू होगा।



आइटीओ के समीप विकास मार्ग पर जलभराव से गुजरते वाहन • चंद्र प्रकाश मिश्र

लोक निर्माण विभाग की योजना ऐसे ड्रेनेज मास्टर प्लान को तैयार करना है, जिस पर काम किया जा सके और इसे लागू करने में जनता को ज्यादा असुविधा न हो।इसे लेकर दिल्ली को तीन भागों में बांटकर काम किया जाएगा। दिल्ली ड्रेनेज मास्टर प्लान का उद्देश्य एक निश्चित समय सीमा के अंदर जल निकासी में सुधार करना है। इसके अनुसार करीब 30-35 वर्षों के लिए जल निकासी के संदर्भ में एक मास्टर प्लान तैयार करना है। प्लान के तहत यह पता लगाया जाना है कि किस नाली का स्लोप खराब है, कौन सी नाली कहां मिलती है और किस नाली को किस नाले से जोड़ना है। इतना ही नहीं, हर नाली और नाले की योजना बनाई जानी है।वर्ष 1911 में दिल्ली का पहला मास्टर ड्रेनेज प्लान तैयार किया गया था। वर्ष 1968 में इसकी समीक्षा हुई और वर्ष 1976 में ड्रेनेज प्रणाली तैयार की गई थी। उस समय दिल्ली की आबादी 60 लाख थी। अब आबादी दो करोड़ से अधिक है।

**दिल्ली में हैं 201 प्राकृतिक नाले:** दिल्ली में 201 प्राकृतिक नाले हैं, जो तीन प्राकृतिक जल निकासी बेसिन के जरिए यमुना में गिरते हैं। नजफगढ़ नाले में 123 ड्रेन मिलते हैं। वहीं बारापुला नाले में 44 ड्रेन और ट्रांस यमुना बेसिन में 34 नाले मिलते हैं। नजफगढ़ नाला 63.06 प्रतिशत ड्रेनेज एरिया को कवर करता है। बारापुला 24.28 प्रतिशत और ट्रांस यमुना बेसिन 12.66 प्रतिशत ड्रेनेज एरिया को कवर करता है।

**नाले-नालियों की लंबाई 3,740 किलोमीटर है**

दिल्ली में छोटे-बड़े करीब 2,846 नाले-नालियां हैं और इनकी लंबाई करीब 3,740 किलोमीटर है।इसमें नालों का एक बड़ा हिस्सा पीडब्ल्यूडी के पास है और पीडब्ल्यूडी इसका नोडल विभाग भी है। जल निकासी के दिल्ली में तीन बड़े नाले हैं। इसमें ट्रांस यमुना, बारापुला और नजफगढ़ हैं।इसके अलावा कुछ बहुत छोटे नाले अरुणा नगर और चंद्रवाल भी हैं, जो सीधे यमुना में गिरते हैं।

P.K. GROUP OF INSTITUTIONS
MATHURA (U.P.)
Courses Approved by AICTE/ UGC
Faculty of Engineering & Technology:
POLYTECHNIC
B.TECH
M.TECH
(Lateral Entry in Diploma & B.Tech)
ADMISSION OPEN
2024-25
अपने करियर की मजबूत नींव रखिए हमारे साथ
प्राइवेट कंपनी/ प्राइवेट सेक्टर में कार्यरत कर्मचारी हमारे संस्थान से इंजीनियरिंग कोर्स पूर्ण कर पदोन्नति हेतु अवसर प्राप्त कर सकते हैं। सीट सीमित है प्रवेश हेतु शीघ्र संपर्क करें।
Campus:Hathras Road, Sonai, Mathura (U.P.)
Mob.: +91-9897379333
www.pkuniversity.edu.in

QUALITY SINCE 1980
KANODIA
कानोडिया कोल्हू ब्रांड
कच्ची घानी और पीली सरसों का तेल

# सात नवजात की अस्पताल में हुई थी मौत, आग की वजह पता नहीं

## बेबी केयर न्यू बोर्न अस्पताल अग्निकांड में आरोपपत्र दाखिल

**जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली:** विवेक विहार के बेबी केयर न्यू बोर्न अस्पताल में 25 मई की रात आग में झुलसकर सात नवजातों की मौत हुई में करीब दो माह बाद भी दिल्ली सरकार का विद्युत व दमकल विभाग यह पता नहीं लगा पाए है कि आग कैसे लगी थी। विद्युत विभाग ने पुलिस को दी अपनी रिपोर्ट में शार्ट सर्किट को आग का कारण नहीं माना है। पुलिस ने इस मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। विवेक विहार थाना ने अस्पताल संचालक डा. नवीन खीची व अस्पताल के डा. आकाश के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, किसी व्यक्ति की जान को नुकसान पहुंचाना, लापरवाही से मौत समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की थी। दोनों आरोपित को जमानत नहीं मिली है।

पुलिस ने आरोपत्र में बताया है कि बेबी केयर अस्पताल का लाइसेंस मार्च में ही खत्म हो गया था। अवैध रूप से अस्पताल चल रहा था। अस्पताल पांच बेड का था, नियमों का उल्लंघन कर 12 नवजात को अस्पताल में भर्ती किया हुआ था। अस्पताल में न अग्निशमन यंत्र थे और न ही निकास की उचित व्यवस्था थी। डा. आकाश को बच्चों के इलाज के लिए रखा हुआ था। वह बीएएमएस डाक्टर है। नियम के अनुसार बीएएसएस डाक्टर बच्चों का इलाज नहीं कर सकते। इसके लिए एमडी डाक्टर चाहिए होता है। नवजातों में अस्पताल कार्यरत नर्सों को दस वर्ष का अनुभव होना चाहिए, लेकिन अस्पताल की नर्सों को इतना अनुभव नहीं था। दो राहगीरों ने आग की सूचना पुलिस को दी थी, जबकि सीसीटीवी में दिख रहा है कि आकाश को 11 बजे ही आग लगने का पता चल गया था। उसने पुलिस को सूचना देने के बजाय अस्पताल के संचालक नवीन से फोन पर बात करता रहा था। यदि समय पर पुलिस को सूचना मिलती तो बच्चों की जान बच सकती थी। नियम के अनुसार 20 आक्सीजन सिलेंडर ही अस्पताल में रखे जा सकते हैं। हादसे के वक्त सिलेंडर की संख्या 31 थी। अस्पताल की छत पर एक रसोई बनाई हुई थीं। वहां पर एक कर्मचारी चाय व खाना बनाता था।



विवेक विहार स्थित बेबी केयर न्यू बोर्न अस्पताल • जागरण आर्काइव

# दिल्ली में रेलवे के विकास पर खर्च होंगे 2,582 करोड़

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** दिल्ली में रेलवे के आधारभूत ढांचा को मजबूत करने और रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का काम चल रहा है। इससे जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं और संरक्षा कार्य पर इस वर्ष 2,582 करोड़ रुपये खर्च होंगे। अंतरिम बजट में इसके लिए 2,577 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया था, जिसमें पांच करोड़ रुपये और बढ़ा दिए गए हैं।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि वर्ष 2009-2014 तक दिल्ली को प्रत्येक वर्ष औसत 96 करोड़ रुपये मिलते थे। अब यह लगभग 27 गुना बढ़ गया है। यूपीए के शासनकाल में रेलवे के आधारभूत ढांचा, संरक्षा आदि पर बहुत अधिक ध्यान नहीं दिया गया। नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में इन कामों में तेजी आई है। वर्ष 2009-14 तक दिल्ली में एक किलोमीटर भी नई रेल लाइन नहीं बिछाई गई। उसके बाद प्रतिवर्ष 2.4 किलोमीटर रेल लाइन बिछाई गई है। 302 किलोमीटर नई लाइन बिछाने का काम चल रहा है जिस पर कुल 4,778 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सुरक्षित रेलवे लाइन पार करने और सड़क यातायात में होने वाली परेशानी दूर करने के लिए पिछले 10 वर्षों में दिल्ली 13 नए फ्लाईओवर व अंडरपास बनाए गए हैं।

**पिछले वर्ष से 105 करोड़ रुपये अधिक मिले:** रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष के बजट में भी 2,477 करोड़ रुपये दिल्ली को मिले थे। इस वर्ष इसमें 105 करोड़ की वृद्धि की गई है। बजट बढ़ने से रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास, यात्रियों सुविधाओं में सुधार के साथ ही संरक्षा कार्य में तेजी आएगी।



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव •


- रेल मंत्री ने कहा, यूपीए के शासनकाल से 27 गुना अधिक बजट दिया गया

**दिल्ली में विकसित हो रहे 13 अमृत स्टेशन**

अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत दिल्ली के 13 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है।नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, नरेला, आदर्श नगर, आनंद विहार, बिजवासन, दिल्ली छावनी, दिल्ली सराय रोहिल्ला, दिल्ली शाहदरा, सब्जी मंडी, सफदरजंग और तिलक ब्रिज।

# भाजपा का यह कुर्सी बचाने वाला बजट

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** केंद्रीय बजट को लेकर आम आदमी पार्टी ने दूसरे दिन भी केंद्र सरकार पर हमला बोला। आप के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और राज्यसभा सदस्य डा. संदीप पाठक ने बुधवार को कहा कि इस बार का बजट बेहद निराशाजनक रहा है। केंद्र सरकार ने इस बजट में दिल्ली और पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार किया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को दिल्ली में हुई आइएनडीआइ गठबंधन की बैठक में मुख्यमंत्री केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता जाहिर की गई। उनका शुगर लेवल बार-बार कम हो रहा है। इस पर एलजी चिट्ठी लिखकर कहते हैं कि आप यह नहीं खा रहे हैं, वह नहीं खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक इंसान की जान का सवाल है और आप इस तरह का घटिया मजाक कर रहे हैं।



संदीप पाठक

- पाठक ने कहा कि दिल्ली-पंजाब के साथ किया सौतेला व्यवहार

# तथ्यहीन बयानबाजी कर रही है आप

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी केंद्रीय बजट को लेकर तथ्यहीन बयानबाजी कर रही हैं। वह यह झूठ फैला रही हैं कि बजट में दिल्ली को कुछ नहीं मिलता है। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने दिल्ली के विकास और अन्य मद में साढ़े पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। यह राशि इस अवधि में दिल्ली सरकार के अपने बजट से भी अधिक है। सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि केंद्र सरकार के बजट का लाभ समाज के हर वर्ग को मिलेगा। केजरीवाल सरकार केंद्र सरकार की योजनओं से दिल्लीवासियों को वंचित कर रही है।



वीरेंद्र सचदेवा

- दिल्ली की वित्त मंत्री झूठ फैला रही हैं कि बजट में दिल्ली को कुछ नहीं मिला: सचदेवा

### मुद्दा

पढ़ें जागरण सिटी

## वित्त आयोग का गठन करने के लिए एलजी को पत्र लिखा

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक विजेंद्र गुप्ता ने छठे दिल्ली वित्त आयोग के गठन के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखा है। उन्होंने दिल्ली सरकार पर संविधान के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए उपराज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है, पांचवें दिल्ली वित्त आयोग की सिफारिश मार्च 2021 तक लागू थी। अप्रैल 2021 में छठे दिल्ली वित्त आयोग का गठन हो जाना चाहिए था। इसका गठन नहीं होने से दिल्ली सरकार पांचवें दिल्ली वित्त आयोग की पुरानी सिफारिश के आधार पर नगर निगम को धन प्रदान कर रही है। यह गैर संवैधानिक और दिल्लीवासियों के साथ अन्याय है। पहले भी दिल्ली सरकार ने चौथे दिल्ली वित्त आयोग की सिफारिश को लागू नहीं किया था।

# क्रिप्टोकरेंसी हैंडलर को पांच दिन की ईडी की हिरासत में भेजा

- अमेरिकी महिला से धोखाधड़ी और मनी लांड्रिंग मामले में एजेंसी ने किया था गिरफ्तार
- अमेरिकी महिला से 3.35 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और मनी लांड्रिंग से जुड़ा है मामला

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** मनी लांड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने क्रिप्टोकरेंसी हैंडलर लक्ष्य विज को पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने बुधवार को बताया कि विज को मनी लांड्रिंग मामले में 22 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था।

एजेंसी ने एक्स पर पोस्ट किया कि 22 जुलाई को पीएमएलए के तहत क्रिप्टो करेंसी हैंडलर लक्ष्य विज को गिरफ्तार किया था। उसे 23 जुलाई को विशेष न्यायालय (पीएमएलए) नई दिल्ली के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने उसे पांच दिन की हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने सात दिन के लिए हिरासत मांगी थी, लेकिन विशेष न्यायाधीश गौरव राव ने 28 जुलाई तक के लिए ही हिरासत मंजूर की।

इससे पहले राउज एवेन्यू कोर्ट ने भी 23 जुलाई को मनी लांड्रिंग मामले में लक्ष्य विज को पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया था। यह मामला एक अमेरिकी महिला के साथ चार लाख डालर (लगभग 3.35 करोड़ रुपये) की धोखाधड़ी और फर्जी संस्थाओं के बैंक खातों के माध्यम से मनी लांड्रिंग से जुड़ा है। विशेष अदालत ने आदेश में कहा कि वाट्सएप संदेशों के अंश और धन के स्रोत का पता लगाने के साथ ही इसमें शामिल अन्य लोगों का पता लगाने के लिए आरोपित लक्ष्य विज को 28 जुलाई तक ईडी की हिरासत में भेजा जाता है। आरोपित के वकील नितेश राणा ने हिरासत की मांग का विरोध किया और कहा कि गिरफ्तारी का कोई आधार नहीं है। ईडी ने कहा कि विज का मामला सीबीआइ की ओर से प्रफुल्ल गुप्ता और अन्य के खिलाफ दर्ज मामले पर आधारित है, जिसमें कथित तौर पर आपराधिक साजिश रचने और अमेरिकी नागरिक के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप है।

# पीयूसी जांच केंद्रों की संख्या बढ़ाएगी दिल्ली सरकार

- डीएमआरसी और आइजीएल से अपनी साइटों पर पीयूसी जांच केंद्र बनाने का किया अनुरोध
- पीयूसी जांच केंद्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश, कुछ केंद्रों को दिए गए नोटिस

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** दिल्लीवासियों की सुविधा के लिए पीयूसी जांच केंद्रों की संख्या बढ़ाने के प्रयास में दिल्ली सरकार शहर के भीतर नए पीयूसी जांच केंद्र स्थापित करने के लिए अतिरिक्त स्थानों को चिह्नित कर रही है। इस सिलसिले में परिवहन विभाग ने दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) और इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आइजीएल) से अपनी साइटों पर नए पीयूसी जांच केंद्र खोलने का अनुरोध किया है।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा है कि पीयूसी जांच केंद्रों की संख्या में वृद्धि करके हम वाहनों के प्रदूषण जांच को आसान बनाना चाह रहे हैं। वर्तमान में दिल्ली में 900 से अधिक पीयूसी जांच केंद्र हैं, जिनमें 700 से अधिक पेट्रोल पंपों पर स्थित हैं। इससे पहले 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने देश भर के सभी राज्य परिवहन विभागों को प्रत्येक पेट्रोल पंप पर पीयूसी जांच केंद्र स्थापित करने का आदेश दिया था। हाल ही में परिवहन विभाग ने पाया कि कुछ पीयूसी जांच केंद्र इस आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। नतीजतन प्रवर्तन टीमों को गैर-अनुपालन वाले पीयूसी जांच केंद्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें ऐसे पीयूसी जांच केंद्रों के संचालन का निलंबन भी शामिल है। परिवहन विभाग ने बंद पीयूसी जांच केंद्रों का लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए पेट्रोप पंपों पर बंद पड़े पीयूसी को लेकर कारण बताओ नोटिस देना शुरू कर दिया है।

विज्ञापन संख्या 65/2024
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड (ग्रिड - इंडिया)
में
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
16 अगस्त, 2024 है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को
लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
27 अगस्त, 2024 है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।

डील ऑफ द वीक
have great stories to tell
मीनिमम छुट्टी, मैक्सिमम मौज!
अगस्त लाँग वीकेन्ड सेल
स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त | रक्षा बंधन 19 अगस्त | जन्माष्टमी 26 अगस्त
• सबसे अच्छी कीमत की गारंटी • ₹ 40 000.00 तक की छूट
• हर बुकिंग पर गारंटीड गुडीज़



एस्कॉर्टेड इंटरनेशनल हॉलिडेज़, फ़्लाइट्स के साथ
5 दिन - अज़रबैजान @ ₹ 85 800.00 | मलेशिया - सिंगापुर 7 दिन @ ₹ 98 500.00 | 7 दिन - वियतनाम @ ₹ 1 32 900.00
भारत और उसके आसपास छुट्टियां
6 दिन - लद्दाख @ ₹ 22 500.00 | 5 दिन - श्रीलंका @ ₹ 38 600.00 | 7 दिन - कश्मीर @ ₹ 38 950.00
कीमतें प्रति वयस्क व्यक्ति के लिए हैं और इनमें शामिल हैं : एक्स-दिल्ली हवाई किराया (जहां निर्दिष्ट किया गया है), वीज़ा शुल्क, क्वालिटी होटल्स, भोजन, इंश्योरेंस और साइटसीइंग यात्रा कार्यक्रम के अनुसार. सभी प्रचलित टैक्स मौजूदा दरों पर लागू हैं
अपनी निकटतम स्टोर में कॉल करें
Connaught Place: 9619471251
GK 2 M Block: 9167685180
Punjabi Bagh: 8291226157
Pitampura: 9167433175
Rohini: 8291283717
RDC, Ghaziabad: 9619605891
Laxmi Nagar: 9167433568
Netaji Subhash Place: 8291458224
Noida - Sec 18: 8291224852
South Extension Part 2: 8879229851
thomascook.in | Thomas Cook
*नियम व शर्तें लागू. कोई भी बुकिंग करने से पहले हमारे सेल्स स्टाफ़/ thomascook.in / शर्तें व एफ्क्यू की मदद से सभी संबंधित विवरणों की पुष्टि कर लें.

MANGALAYATAN UNIVERSITY
ALIGARH
Learn Today to Lead Tomorrow
NAAC A+ GRADE Accredited University
Recognized by UGC | Member of AIU | Approved by NCTE | Approved by PCI | Approved By BCI | Approved By NCISM




5000+ Students from India & Abroad | 70+ Wide range of course | 400+ Top Corporate Recruiters | 150+ High-Tech Laboratories & Computer Labs | 350 Bedded Hospital | 25000+ Alumni Trust Base
ADMISSION OPEN 2024-25
PROGRAMS OFFERED
ENGINEERING | COMPUTER APPLICATION | MANAGEMENT
COMMERCE | BIOTECH | AGRICULTURE | PHARMACY | NURSING
GNM | PARAMEDICAL | BAMS | LAW | JOURNALISM | FINE ARTS
EDUCATION | APPLIED SCIENCE | ARTS | FORENSIC SCIENCE
POLYTECHNIC DIPLOMA | LIBRARY SCIENCE | HOTEL MANAGEMENT | Ph.D
HIGHLIGHTS:
300+ Top Faculties
150+ Labs for Experimental Learning
Incubation Centers for Nurturing Start-Ups
93% Placement in the last 5 years
100+ Patents granted and published
2000+ Research Articles Published in Renowned Journals
30 Acre Starts Area for outdoor and indoor games
Separate Hostels for Boys and Girls
DISTANCE & ONLINE PROGRAMS
B.Sc | BA | BBA | B.Com
BCA | B.Lib | B.A (JMC)
MA | M.Sc | M.Com | MBA | MCA
M.SC | M.Lib | PGDCA
Approved DEB of UGC
Contact:- 079696 62588
www.muonline.ac.in
Extended NCR, 33rd Milestone, Mathura-Aligarh Highway, Beswan, Aligarh, Uttar Pradesh 202145
MANGALAYATAN UNIVERSITY ALIGARH Learn Today to Lead Tomorrow
09359 555 555
07500 011 188
www.mangalayatan.in
admissions@mangalayatan.edu.in

हरियाणा सरकार



# राज्य स्तरीय शहरी स्थानीय निकाय

## जनप्रतिनिधि सम्मेलन

25 जुलाई, 2024 । दोपहर 2:00 बजे
ऑडिटोरियम, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार

- शहरी स्थानीय निकायों को मज़बूती प्रदान करने के लिए वर्ष 2024-25 में लगभग ₹5,800 करोड़ के बजट का प्रावधान
- पालिकाओं के अधीन आने वाली 800 अनाधिकृत कॉलोनियां अधिकृत की
- इन कॉलोनियों में विकास कार्य करवाने हेतु ₹1000 करोड़ के बजट का प्रावधान
- शहरी स्वामित्व योजना के तहत 5000 आवेदकों की हुई रजिस्ट्री
- शहरी क्षेत्र के लाल डोरा में स्थित लगभग 6.85 लाख प्रॉपर्टी धारकों को प्रॉपर्टी सर्टिफिकेट जारी करने की प्रक्रिया शुरु

मुख्य अतिथि
**श्री नायब सिंह सैनी**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

अध्यक्षता
**श्री सुभाष सुधा**
राज्य मंत्री, शहरी स्थानीय निकाय
(स्व.प्र.), हरियाणा

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana


*********



**27** लाख कैंसर रोगियों को सीमा शुल्क हटाए जाने से मिलेगा लाभ। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कैंसर के इलाज में प्रयोग होने वाली दवाओं पर सीमा शुल्क हटाने के बजट प्रस्ताव का किया स्वागत। बता दें, वित्त मंत्रालय ने कैंसर रोगियों को ध्यान में रखते हुए ट्रासट्रूजुमब डेरूक्सटिकेन, ओसिमर्टिनिब, डूरवालूमाब पर लगने वाले 10 प्रतिशत शुल्क को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है। इससे मरीजों को सस्ता इलाज सुलभ हो सकेगा।



## बजट में भेदभाव का आरोप लगा विपक्ष ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** कांग्रेस के नेतृत्व में आइएनडीआइए ने बजट में विपक्षी दल शासित राज्यों के साथ 'भेदभाव' का आरोप लगाते हुए संसद के बाहर और भीतर इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि जिन राज्यों में आइएनडीआइए के दलों की सरकार है और जहां भाजपा का चुनावी प्रदर्शन खराब रहा है, उन सभी राज्यों की बजट में अनदेखी की गई है। लोकसभा और राज्यसभा में एकजुट विपक्ष ने आंध्र प्रदेश और बिहार के अलावा अन्य राज्यों को किसी तरह की वित्तीय मदद नहीं देने का सवाल उठाते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ ही राजग सरकार को घेरा। विपक्षी दलों ने संसद के दोनों सदनों से वाकआउट भी किया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के साथ ही कांग्रेस शासित तीनों राज्यों कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों ने बजट में भेदभाव का आरोप लगाते हुए मंगलवार को ही प्रधानमंत्री द्वारा 27 जुलाई को बुलाई गई नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने की घोषणा कर दी थी। वित्त मंत्री ने विपक्ष के आरोपों को खारिज कर बजट को सबके हित में सर्वसमावेशी बताया। सरकार का कहना है कि बजट में जो भी योजनाएं हैं, वह पूरे देश के लिए हैं।

बजट पेश होने के दूसरे दिन संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले सबेरे ही लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत आइएनडीआइए के विभिन्न नेताओं ने संसद भवन के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने राजग सरकार के बजट को भेदभावपूर्ण करार देते हुए नारेबाजी भी की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बजट जनविरोधी है। इसमें विशेष पैकेज की बात कही गई है। विशेष दर्जा नहीं दिया गया है। वहीं तमाम विपक्षी सांसदों ने कहा कि असल में यह राजग का बजट है। हमें भारत का बजट चाहिए।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हम आंध्र प्रदेश और बिहार को धन देने के खिलाफ नहीं हैं। मगर अन्य राज्यों के साथ भी न्याय होना चाहिए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि बजट में उत्तर प्रदेश के साथ भेदभाव किया गया है। इस सरकार ने पहले नौकरियां छीन लीं और अब बजट में बस अप्रेंटिसशिप की बात कर रही है। विपक्ष ने विरोध की इस आवाज को दोनों सदनों में भी मुखरता से उठाया।

लोस की कार्यवाही शुरू होते ही आइएनडीआइए के सांसदों ने बजट में भेदभाव का मुद्दा उठाते हुए गहमागहमी शुरू कर दी। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने एतराज किया। इसको लेकर हुए संक्षिप्त शोरगुल के बीच समूचे विपक्ष ने लोकसभा से वाकआउट किया। राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा बजट के भेदभावपूर्ण होने पर दिए गए कार्यस्थगन नोटिस को सभापति जगदीप धनखड़ ने खारिज कर दिया। हालांकि खरगे ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि बजट में दो राज्यों को ही थाली में पकौड़ा और जलेबी मिली। बाकी राज्यों की थाली खाली है। हमने किसी को खुश कर कुर्सी बचाने का ऐसा बजट नहीं देखा और इसलिए हम इसकी निंदा करते हैं।




नई दिल्ली में बुधवार को संसद भवन परिसर में आम बजट 2024 को भेदभावपूर्ण बताते हुए इंडिया ब्लॉक के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को प्रणाम करते समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ● प्रेट्र

### निर्मला पर खरगे का तंज-माताजी बोलने में एक्सपर्ट हैं

**नई दिल्ली, एएनआइ:** खरगे ने बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से बजट को लेकर सवाल किए और दावा किया कि बजट आवंटन में बिहार और आंध्र प्रदेश को छोड़कर किसी राज्य को कुछ नहीं मिला। आइएनडीआइए की सभी पार्टियां इसके खिलाफ प्रदर्शन करेंगी। सभापति जगदीप धनखड़ ने खरगे को टोका और कहा कि अब वित्त मंत्री को बोलने दीजिए। इस पर खरगे ने तंज कसा और कहा, माताजी बोलने में तो एक्सपर्ट हैं। मुझे मालूम है। इस पर धनखड़ ने खरगे को फिर टोका और कहा कि यह माताजी नहीं, यह तो आपकी बेटी के बराबर हैं।

## बौखलाहट में कांग्रेस कर रही है बजट का विरोध : भाजपा

- कहा, राजग को कमजोर करने की कांग्रेस की कोशिश हुई नाकाम
- सरकार के बजट का सभी वर्गों ने स्वागत किया



जीवीएल नरसिम्हा राव ● फाइल फोटो

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा बजट के विरोध को भाजपा ने बौखलाहट का नतीजा करार दिया है। भाजपा प्रवक्ता जीवीएल नरसिम्हा राव ने कहा कि बजट का सभी वर्गों ने स्वागत किया है और इसमें शिक्षा और रोजगार का विशेष ध्यान रखा गया है। बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष सहायता को सही ठहराते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 2014 के बाद सभी बजट में पिछड़े क्षेत्रों के विकास पर जोर देती रही है और यह सहायता भी उसी का परिणाम है।

भाजपा नेता ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य के दर्जे मुद्दा उठाकर जदयू और तेदेपा को राजग से अलग करने की कोशिश की, लेकिन इसमें वह सफल नहीं हो पाई। एकजुट और मजबूत राजग को देखकर कांग्रेस के नेता बौखलाहट में बजट का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र को दिखाते हुए कहा कि इसमें सिर्फ आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने का वादा किया गया था। अब वही कांग्रेस मोदी सरकार द्वारा राजधानी के निर्माण के लिए विशेष सहायता दिए जाने का विरोध कर रही है। आंध्र प्रदेश की मौजूदा स्थिति के लिए पूरी तरह से कांग्रेस की पुरानी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने कहा कि वहां की जनता कभी कांग्रेस को माफ नहीं करेगी। भाजपा प्रवक्ता ने साफ किया कि 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बजट में सिर्फ बिहार और आंध्र प्रदेश की बात नहीं है, बल्कि सभी राज्यों के संतुलित विकास पर जोर दिया गया है।

## चीन की सीमा से लगे गांवों के लिए 1050 करोड़ का बजट

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** चीन की सीमा से लगे सुदूर गांवों में समग्र विकास के लिए, केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट में 1,050 करोड़ रुपये का प्रविधान किया है। 'वाइब्रेंट विलेजेस प्रोग्राम' (वीवीपी) के तहत सीमावर्ती राज्यों अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख के 19 जिलों के चुनिंदा गांवों को विकास परियोजनाओं के लिए चुना गया है।

सरकार ने केंद्र प्रायोजित स्कीम वीवीपी को विगत 15 फरवरी, 2023 को मंजूरी दी थी। वर्ष 2022-23 से 2025-26 के बीच उत्तरी सीमा से लगे गांवों के 46 ब्लाकों के लिए 4,800 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पेश किए गए बजट में वर्ष 2024-25 के लिए 1050 रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य इन सीमावर्ती गांवों में जीवन की गुणवत्ता कायम रखना और आव्रजन होने देने के चयन में वहां से स्थानीय लोगों के विस्थापन को रोकना मकसद होता है। वीवीपी के तहत कृषि उत्पादों के विज्ञापन के तहत आय के स्रोत बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। इन गांवों में कृषि, पर्यटन, हार्टीकल्चर और सांस्कृतिक विरासत आदि को बढ़ावा दिया जाएगा। वीवीपी योजना के तहत ही 136 सीमावर्ती गांवों को 113 आल वेदर 113 सड़क परियोजनाओं से जोड़ा गया है, जिसकी लागत 2,420 करोड़ रुपये थी।

### बोलीं सीतारमण- बिहार और आंध्र प्रदेश को दी गई अतिरिक्त सहायता को गलत ठहराना ठीक नहीं

## बजट प्रविधान से पूरे देश का होता है विकास

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए अलग से वित्तीय प्रविधान पर विपक्ष के आरोप के जवाब में वित्त मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि बजट प्रविधान से पूरे देश का विकास होता है और इस प्रकार का आरोप लगाना गलत है। सूत्रों का कहना है कि बजट में पूंजीगत खर्च (कैपेक्स) के मद में 11.11 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है तो क्या यह राशि सिर्फ बिहार और आंध्र प्रदेश पर खर्च की जाएगी। यह राशि पूरे देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास पर खर्च होगी। अगर बिहार और आंध्र के विकास के लिए अलग से सहायता नहीं दी जाती तो यह कहा जाता कि इन्हें कुछ नहीं दिया। विपक्ष की तरफ से इस प्रकार की धारणा फैलाना कहीं से सही नहीं है। विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए वित्त मंत्रालय के सूत्रों पूछा कि क्या संप्रग शासनकाल में भी कई राज्यों को अतिरिक्त वित्तीय सहायता नहीं दी जाती थी? अभी यह कहा जा रहा है कि बिहार और आंध्र प्रदेश के अलावा किसी राज्य को कुछ नहीं दिया गया है। यह आरोप भी गलत है। बजट में जो औद्योगिक पार्क बनाने की घोषणा की गई है, उससे देश के सभी राज्यों में नौकरियां निकलेंगी।

सूत्रों के मुताबिक किसी को विशेष राज्य का दर्जा देने की व्यवस्था संप्रग के शासनकाल में समाप्त की गई। रघुराम राजन कमेटी और वित्त आयोग की सिफारिश की वजह से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया जा सकता है। सूत्रों ने यह भी कहा कि किसी नई योजना की घोषणा और आवास योजना तथा आरोग्य योजना जैसी मौजूदा योजनाओं के लिए आवंटन में वृद्धि से सभी राज्यों को लाभ होगा। यह राज्यों पर निर्भर करता है कि वे अपनी जरूरत के हिसाब से धन मांगें। बजटीय परामर्श के दौरान तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी और हिमाचल के सीएम सुक्खू ने पीएम से मुलाकात कर अधिक धन की मांग की थी। सूत्रों का कहना है कि पीएम ने सीएम सुक्खू की बात सुनी और बाढ़ राहत के लिए धन आवंटित करने का फैसला किया।



संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को राज्यसभा में बोलती केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ● एएनआइ

### कई बड़ी कंपनियों ने मांगी है चीन से प्रौद्योगिकी मंगाने की इजाजत

सूत्रों के मुताबिक कई बड़ी कंपनियों ने चीन से प्रौद्योगिकी मंगाने को लेकर इजाजत देने की मांग की है। अभी इस पर कोई फैसला नहीं किया गया है। कुछ बड़ी कंपनियों का कहना है कि चीन से आयात की जगह हम उसकी प्रौद्योगिकी को साझा कर सकते हैं और इसके लिए चीन की कंपनियों को यहां बुलाया जा सकता है। लेकिन अभी इस पर चर्चा ही हुई है। आर्थिक सर्वेक्षण में चीन से आयात कम करने के लिए वहां से निवेश को इजाजत देने की सिफारिश की गई है।

### चिदंबरम ने की अग्निपथ योजना, नीट समाप्त करने की मांग

**जाब्यू, नई दिल्ली:** राज्यसभा में बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने अग्निपथ योजना और नीट समाप्त करने की मांग की। बजट में घोषित रोजगार प्रोत्साहन योजना के अमल पर संदेह जताया व कहा कि इसकी पूरी आशंका है कि इसका भी हाल हर साल दो करोड़ नौकरी देने वाले जुमले जैसा होगा। पूर्व वित्त मंत्री ने बजट की कई घोषणाओं को कांग्रेस के घोषणापत्र से नकल करने का आरोप लगाया।

## बुजुर्गों से जुड़ी अटल वयो अभ्युदय योजना अब फिर पकड़ेगी रफ्तार

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने बुजुर्गों से जुड़ी अटल वयो अभ्युदय योजना को फिर रफ्तार देने का फैसला लिया है। बजट में सरकार ने इसके लिए सीनियर सिटीजन वेलफेयर फंड से 279 करोड़ का विशेष आवंटन किया है। यह राशि देश के वृद्धाश्रमों के अपग्रेडेशन के साथ उन्हें मेडिकल सुविधाओं से लैस करने और वयोश्री योजना के तहत बुजुर्गों को मुहैया कराए जाने उपकरणों पर खर्च होगी। इनमें बुजुर्गों को चश्मा, छड़ी, सुनने की मशीन, वाकर आदि मुहैया कराया जाता है।

बुजुर्गों के बीच लोकप्रिय इस योजना को पिछले सालों में इससे जुड़ी दूसरी योजनाओं के साथ जोड़ दिया गया था। इसके चलते इस योजना पर उतना काम नहीं हो पाया, जैसी उम्मीद थी। वहीं, इस योजना की मांग राज्यों सहित संसद सदस्यों की ओर से बड़े पैमाने पर की जा रही थी। सूत्रों के मुताबिक मांग को देखते हुए सरकार ने इस पूरी योजना को फिर से अलग से शुरू करने का फैसला लिया है। इसके लिए बजट में अलग से आवंटन किया गया है।

वैसे भी इसके लिए जो राशि मुहैया कराई गई है, उससे सरकार पर कोई बोझ भी आने वाला है क्योंकि बुजुर्गों के लिए यह राशि सीनियर सिटीजन वेलफेयर फंड से दी गई है।



### योजना इसलिए लोकप्रिय

इस स्कीम के लोकप्रिय होने की बड़ी वजह बुजुर्गों को वह उपकरण प्रदान करना है, जिसकी बुढ़ापे में उन्हें सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इनमें चश्मा, सुनने की मशीन, छड़ी, वाकर, व्हील चेयर, बत्तीसी (दांत), ट्राई पाइस जैसे उपकरणों के साथ गले और घुटने के कालर सहित कमर के दर्द को कम करने के लिए बेल्ट जैसे करीब दस और उपकरण शामिल है। खास बात यह है कि ये उपकरण सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से जुड़ी कंपनी एडसिल इंडिया खुद तैयार करती है।

## बजट में यात्रियों की सुरक्षा पर रेलवे का सबसे ज्यादा जोर

अरविंद शर्मा ● जागरण



**बेपटरी हो रही ट्रेनों की घटनाओं से रेलवे ने लिया सबक, सेफ्टी पर कुल बजट का 40 प्रतिशत से ज्यादा होगा खर्च**

**नई दिल्ली :** हाल के कुछ दिनों में ट्रेनों के बेपटरी होने की घटनाओं में वृद्धि का सबक है कि रेलवे ने सुरक्षा पर फोकस बढ़ा दिया है। आम बजट में ट्रेनों के साथ-साथ यात्रियों की सुरक्षा पर सबसे ज्यादा कुल बजट का लगभग 40 प्रतिशत से अधिक खर्च का प्रबंध किया गया है। दस हजार किलोमीटर रेल ट्रैक पर कवच लगाया जाना है। नए ट्रैक एवं डबल गेज पटरियों के निर्माण पर 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाने हैं। इसके अतिरिक्त सिग्नलिंग सिस्टम में सुधार, नई तकनीक, फ्लाईओवर और अंडरपास बनाने पर जोर दिया जाएगा।

आम बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान रेलवे के पूंजीगत व्यय के लिए 2,62,200 करोड़ रुपये का रिकार्ड आवंटन किया गया है। पिछले वित्त वर्ष में सकल बजटीय सहायता 2,40,200 करोड़ रुपये थी। यानी इस बार यह 22 हजार करोड़ रुपये अधिक है। रेलवे को इतनी राशि पहली बार मिली है। 2013-14 के आम बजट में रेलवे को सिर्फ 28,174 करोड़ रुपये मिले थे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दावा किया है कि इस बजट के प्रविधानों से रेलवे को विश्वस्तरीय बनाने में मदद मिलेगी। यात्रियों की सुरक्षा रेलवे के लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र बना हुआ है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कुल आवंटित बजट में से 1.08 लाख करोड़ रुपये सिर्फ सुरक्षा प्रबंधन पर खर्च किए जाएंगे। ज्यादा भीड़ वाले रूटों पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाएगी। ट्रेनों को टकराने से बचाने के लिए स्वदेशी तकनीक से कवच प्रणाली विकसित की गई है। दो दिन पहले ही कवच-4.0 को मंजूरी दी गई है। एक ही ट्रैक पर दो ट्रेनों के आने के बाद उनके ब्रेक को नियंत्रित करने और ड्राइवरों को सतर्क करने के लिए इंजन, सिग्नलिंग सिस्टम के साथ रेल पटरियों में इलेक्ट्रानिक उपकरण लगाए जाते हैं। ट्रेनों को टक्कर से बचाने लिए अब तक 4,275 किलोमीटर रूट पर आप्टिकल फाइबर बिछाए गए हैं। दक्षिण मध्य रेलवे के 1,465 रूट किलोमीटर और 121 इंजनों में पहले ही कवच सिस्टम लगाया जा चुका है। आगरा डिवीजन ने मथुरा और पलवल के बीच 80 किलोमीटर ट्रैक पर कवच नेटवर्क लगाया है। आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में अभूतपूर्व तेजी आई है।

## नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी इसी साल बनेगी

- इसके गठन के लिए सरकार ने किया 100 करोड़ का आवंटन
- केंद्रीय विश्वविद्यालयों व उच्च संस्थानों में कोर्स होंगे शुरू



**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी को लेकर इंतजार अब खत्म होगा। इस साल के अंत तक यह बन जाएगी। केंद्र सरकार ने बजट में इसके गठन के लिए 100 करोड़ रुपये का विशेष आवंटन किया है। यह विश्वविद्यालय से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर व अध्ययन सामग्री आदि जुटाने पर खर्च होगा। नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी के गठन का एलान केंद्र सरकार ने 2022 में किया था। 2023-24 में सरकार ने अपने बजट में इसके गठन के लिए सिर्फ चार करोड़ रुपये का आवंटन किया था।

इस बीच, नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी के गठन से जुड़ी तैयारियां लगभग पूरी हो गईं हैं। साथ ही इसका ढांचा भी तैयार कर लिया गया है। इसमें केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित देश के सभी शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थानों से जुड़े कोर्स मुहैया कराए जाएंगे। शिक्षा मंत्रालय से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इसके संचालन के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी का भी स्वरूप तैयार कर लिया गया है। इसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पदेन सचिव सहित उच्च शिक्षा सचिव, केंद्रीय और राज्य विवि के दो-दो कुलपति और दो अन्य शिक्षाविद् को रखने का प्रस्ताव है। माना जा रहा है कि बजट में नए आवंटन के बाद अब इसके गठन में तेजी आएगी।

**सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्सों से शुरुआत, बाद में मिलेगी डिग्री:** प्रस्तावित डिजिटल यूनिवर्सिटी का दायरा शुरुआत में देश तक ही रहेगा लेकिन बाद में दुनिया भर में विस्तार देने की तैयारी है। यूनिवर्सिटी के सभी कोर्सों में छात्रों को बारहवीं के बाद ही दाखिला मिलेगा। इसकी शुरूआत वैसे सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्सों के होगी, लेकिन बाद में डिग्री कोर्स भी संचालित होंगे। वहीं, उच्च शिक्षा के लिए विदेशों में छात्रों के पलायन को थामने में जुटी केंद्र सरकार ने देश के शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थानों को विश्वस्तरीय बनाने की मुहिम जारी रखी है। इसके लिए सरकार ने बजट में इस बार भी 18 सौ करोड़ रुपये की राशि आवंटित की। यह पिछले साल के बजट के मुकाबले पांच सौ करोड़ रुपये अधिक है। संस्थानों को यह मदद मिलने वाली नियमित मदद से अलग है।



### संसद परिसर में सोनिया-जया बच्चन की भेंट...

नई दिल्ली में बुधवार को संसद भवन परिसर में बेहद प्रसन्नता से बातचीत करतीं कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी और समाजवादी पार्टी की पांच बार की सांसद जया बच्चन। बुधवार को आम बजट 2024 को भेदभावपूर्व बताते हुए इसके विरोध में इंडिया ब्लाक के सदस्यों के प्रदर्शन में शामिल होने जब सोनिया जा रही थीं, वहीं पर उनकी भेंट जया बच्चन से हो गई और फिर दोनों के बीच कुछ बातें हुईं जिस पर दोनों अपनी हंसी नहीं रोक सकीं ● प्रेट्र

## आवंटन का बढ़ा ग्राफ, गंगा होंगी तेजी से साफ

- केंद्र सरकार का नमामि गंगे पर फोकस कायम, आवंटित राशि में 945 करोड़ रुपये की वृद्धि



**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** गंगा को साफ-सुथरा बनाने के लिए चलाए जा रहे नमामि गंगे मिशन के परिणाम पर उठे सवालों के बीच केंद्र सरकार इस साल योजना पर और अधिक खर्च करने जा रही है। बजट में इस अभियान के लिए आवंटित राशि में 945 करोड़ रुपये की वृद्धि कर दी गई। मोदी सरकार की तीसरी पारी में जलशक्ति मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने वाले सीआर पाटिल ने हाल ही में इस अभियान की समीक्षा की थी। उन्होंने इस मिशन के क्रियान्वयन में नए तौर-तरीके अपनाने पर जोर दिया था।

नमामि गंगे मिशन को पिछली बार 2,400 करोड़ रुपये दिए गए थे, लेकिन इस बार यह आवंटन 3,345 करोड़ रुपये है। अब तक इस मिशन में 25 हजार करोड़ से अधिक धनराशि खर्च की जा चुकी है। पानी के मामले में केंद्र सरकार ने बजट के जरिये दो और संदेश देने की कोशिश की है। अटल भूजल योजना के लिए बजट बढ़ाने के साथ पीएम कृषि सिंचाई योजना के लिए भी इस बार ज्यादा राशि दी गई है।

अटल भूजल योजना सात राज्यों में सामुदायिक सहयोग से भूजल स्तर की गिरावट को रोकने के लिए चार साल पहले लांच की गई थी और हाल की एक रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश और हरियाणा ने इस योजना के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय कार्य किया है। जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार अटल भूजल योजना का दायरा भी बढ़ाया जा सकता है। अटल भूजल योजना के लिए इस बार 1,778 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जबकि पिछले साल यह राशि एक हजार करोड़ रुपये थी।

इसी तरह पीएम कृषि सिंचाई योजना को भी खेती में पानी के इस्तेमाल के तौर-तरीके सुधारने की दिशा में अहम योजना माना जा रहा है। इसी का नतीजा है कि इस योजना के लिए आवंटन में 2,308 करोड़ रुपये की बड़ी बढ़ोतरी की गई है। पीएम कृषि सिंचाई योजना को इस बार 9,339 करोड़ रुपये मिले हैं।

## विकसित भारत का लक्ष्य साकार करेगा बजट : यूआइसीसी

- यूएसए इंडिया चैंबर आफ कामर्स ने कहा-यह बजट कौशल विकास करने के साथ बेरोजगारी को कम करेगा
- बजट अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक विकास पथ पर ले जाने में अहम भूमिका निभाएगा



**वाशिंगटन, प्रेट्र :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए भविष्य के मद्देनजर तैयार बजट को यूएसए इंडिया चैंबर आफ कामर्स (यूआइसीसी) ने सराहा है। उसने कहा है कि इसका उद्देश्य रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए खर्च बढ़ाकर विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करना है। यह बजट कौशल विकास करने के साथ बेरोजगारी को कम करके अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक विकास पथ पर ले जाने में अहम भूमिका निभाएगा।

यूआइसीसी के अध्यक्ष करुण ऋषि ने वित्त वर्ष 2025 के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को घटाकर जीडीपी के 4.9 प्रतिशत करने की सराहनीय पहल पर प्रकाश डाला जोकि अंतरिम बजट में 5.1 प्रतिशत था। उन्होंने सतत आर्थिक विकास और निवेशकों का विश्वास बनाए रखने के लिए राजकोषीय अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। बजट में रोजगार सृजन के माध्यम से विकास को गति देने के लिए एमएसएमई पर ध्यान दिया गया है। ऋषि ने कहा कि भारत की बड़ी आबादी को देखते हुए एमएसएमई विकास के इंजन के रूप में काम कर सकते हैं। इससे अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन में उनका योगदान बढ़ सकता है।

**एंजेल टैक्स खत्म करना ऐतिहासिक सुधार:** अमेरिका-भारत रणनीतिक एवं भागीदारी फोरम (यूएसआइएसपीएफ) ने कहा कि सभी निवेशक वर्गों पर एंजल टैक्स को समाप्त करना एक ऐतिहासिक सुधार है, जिससे भारत के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को लाभ होगा। फोरम ने इसके साथ ही केंद्रीय बजट में विदेशी कंपनियों के टैक्स कर की दर घटाकर 35 प्रतिशत करने के प्रस्ताव की सराहना की। यूएसआइएसपीएफ ने कहा कि यह महत्वपूर्ण सुधार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्रोतों से स्टार्टअप फंडिंग को बढ़ावा देगा।

### आर्थिक चुनौतियों से निपटने की कवायद: एसआइसीसीआइ

सिंगापुर इंडियन चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (एसआइसीसीआइ) ने कहा कि केंद्रीय बजट 2024-25 भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इसमें कौशल विकास, उच्च शिक्षा, युवाओं तथा महिलाओं के सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। एसआइसीसीआइ के चेयरमैन नील पारेख ने कहा कि यह भारतीय नागरिकों को भविष्य की आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण है। कहा कि एसआइसीसीआइ वित्त मंत्री सीतारमण द्वारा घोषित प्रयासों की सराहना करता है। भारत को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के वास्ते युवा पीढ़ी को तैयार करने की दूरदर्शिता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार की सराहना करता है।

## कृषि बजट में वादे तो बहुत, पूरा करने को पैसे पर्याप्त नहीं

- नई घोषणाओं पर अमल के लिए बड़ी राशि की है जरूरत
- प्राकृतिक खेती की बात है, लेकिन इस मद में पैसे कम कर दिए गए



अमृतसर में धान की फसलों पर उर्वरक छिड़कते हुए एक किसान ● एएफपी/फाइल

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव से पहले फरवरी के अंतरिम बजट में किसान कल्याण के लिए कई वादे किए गए थे। हालांकि आम बजट में बहुत कुछ स्पष्ट नहीं है। वित्त मंत्री ने अपने सातवें बजट में कृषि क्षेत्र को तो प्राथमिकता दी है, लेकिन कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के लिए आवंटित 1.52 लाख करोड़ को पर्याप्त नहीं कहा जा सकता, क्योंकि नई घोषणाओं पर अमल के लिए बड़ी राशि की जरूरत पड़ेगी। कृषि एवं पशुपालन से जुड़े कई बड़े मुद्दों पर चुप्पी भी अखरती है।

बजट में बताया गया है कि उत्पादन एवं उत्पादकता में तेज विकास के लिए शोध को प्रोत्साहित किया जाएगा। कृषि अनुसंधान परिषद के माध्यम से यह काम तो दशकों से किया जा रहा है। जलवायु के अनुकूल खेती के लिए भी लंबे समय से काम हो रहा है। आम बजट में कृषि शिक्षा एवं शोध के लिए 9941.09 रुपये का आवंटन दिखाया गया है, किंतु इसे पर्याप्त नहीं कहा जा सकता, क्योंकि इस काम के लिए लगभग इतनी ही राशि (9876 करोड़) पिछले बजट में भी थी। इसी तरह उत्पादकता बढ़ाने के लिए 32 फसलों की 109 नई किस्मों को विकसित करने का वादा किया गया है। किंतु यह काम भी एक-दो वर्षों में तो होने से रहा। प्राकृतिक खेती से दो करोड़ किसानों को जोड़ने की बात कही गई है, किंतु आश्चर्य यह कि इसके लिए सिर्फ 365 करोड़ रुपये का ही बजट रखा गया है, जो पिछले वर्ष से 94 करोड़ रुपये कम है। बिना जोत वाले किसानों को भी इस बार के बजट से किसान सम्मान निधि की तर्ज पर राहत की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगी है। ऐसे किसानों की संख्या भी अब करोड़ों में है।

**जीडीपी में लगातार गिर रही कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी:** बजट में कृषि क्षेत्र के आवंटन का हिस्सा भी निराश करने वाला है। कृषि में सुधार की पहल करते हुए मोदी के दूसरे कार्यकाल के पहले बजट का 5.44 प्रतिशत हिस्सा कृषि क्षेत्र के लिए आवंटित किया गया था, जो अब घटकर 2024-25 के बजट में सिर्फ 3.15 प्रतिशत रह गया है। एक दिन पहले आर्थिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई थी कि सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी लगातार गिर रही है। इससे उम्मीद बंधी थी कि आम बजट में सरकार कृषि क्षेत्र की इस हिस्सेदारी को बढ़ाने का प्लान बताएगी, लेकिन यहां पर भी झटका लगा। पिछले वर्ष से मोटे अनाजों की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कई कार्यक्रम कराए जा रहे हैं।

********


### अंतरिक्ष में चहलकदमी करने वाली दुनिया की पहली महिला बनीं स्वेतलाना

1984 में आज ही सोवियत अंतरिक्ष यात्री स्वेतलाना सवित्स्काया अंतरिक्ष में चहलकदमी करने वाली पहली महिला बनी थीं। स्वेतलाना सोयुज टी-12 मिशन का हिस्सा थीं। उन्होंने साल्युत-7 अंतरिक्ष स्टेशन के बाहर तीन घंटे बिताए थे। वह दो बार अंतरिक्ष में जाने वाली पहली महिला भी हैं।



### विश्व की पहली टेस्ट ट्यूब बेबी लुई जाय ब्राउन का जन्म हुआ

1978 में आज ही ब्रिटेन की लुई जाय ब्राउन इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आइवीएफ) के जरिये जन्म लेने वाली दुनिया की पहली व्यक्ति बनी थीं। इस तकनीक की खोज डा. पैट्रिक स्टेप्टो और राबर्ट एडवर्ड्स ने की थी। आइवीएफ से अबतक 60 लाख से अधिक बच्चों का जन्म हो चुका है।



### जिम कार्बेट के प्रयासों से मिला था भारत को पहला नेशनल पार्क

प्रकृतिवादी एडवर्ड जेम्स कार्बेट (जिम कार्बेट) का जन्म 1875 में आज ही नैनीताल में हुआ था। बचपन से ही वन्य जीवन से काफी आकर्षित थे। पेशेवर शिकारी के रूप में शुरुआत में कई आदमखोर बाघों का शिकार किया। बाद में बाघों के संरक्षण में जुट गए। उन्हीं के प्रयासों से 1936 में भारत के पहले नेशनल पार्क (जिम कार्बेट नेशनल पार्क) की स्थापना हुई थी। वन्यजीव संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मैन इटर्स आफ कुमाऊं सहित कई किताबें लिखीं। 19 अप्रैल, 1955 को उनका निधन हो गया।



## इधर-उधर की

### आनलाइन आर्डर किया एयर फ्रायर, मिली छिपकली



सोफिया ने एमेजोन से आर्डर किया था एयर फ्रायर ● इंटरनेट मीडिया

**बोगोटा, एजेंसी:** आनलाइन शापिंग करने के दौरान गलत आर्डर मिलने या बाक्स में सामान की जगह ईंट-पत्थर मिलने के आपने कई मामले सुने होंगे। हालांकि कोलंबिया की सोफिया को आनलाइन आर्डर में ऐसी चीज मिली जिसकी उन्होंने कभी कल्पना न्हीं की होगी। सोफिया ने एमेजोन से एयर फ्रायर आर्डर किया था। जब पार्सल आया तो उसके अंदर जो था, उसे देखकर वह बुरी तरह घबरा गईं। दरअसल पार्सल के अंदर एयर फ्रायर के बजाय एक बड़ी छिपकली थी। सोफिया ने पैकेज की एक तस्वीर एक्स पर पोस्ट की है जो अब तेजी से प्रसारित हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार एमेजोन ने अभी तक सोफिया को कोई समाधान नहीं दिया है। छिपकली की पहचान स्पैनिश राक लिजर्ड के रूप में की गई है।


# काठमांडू में उड़ान भरते ही विमान दुर्घटनाग्रस्त

## 18 लोगों की मौत, पायलट गंभीर रूप से घायल, पोखरा के लिए जा रहा था विमान



काठमांडू स्थित त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त विमान में जीवित बचे घायल पायलट को इलाज के लिए ले जाते हुए जवान ● प्रेट्र

- विमान में चालक दल के दो सदस्य समेत 19 लोग थे सवार, ज्यादतर एयरलाइन के तकनीकी कर्मी थे
- सौर्य एयरलाइंस के इस विमान का निर्माण कनाडाई कंपनी बंबार्डियर ने अप्रैल 2003 में किया था



नेपाल की राजधानी काठमांडू में त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाइअड्डे से उड़ान भर रहा हवाई जहाज (लाल घेरे में)। जो अगले कुछ पलों में ही दुर्घटना का शिकार हो गया और तत्पश्चात उसमें आग लग गई ● वीडियोग्रैब

**काठमांडू, प्रेट्र:** नेपाल की राजधानी काठमांडू में बुधवार को एक निजी कंपनी का विमान उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक बच्चे समेत 18 लोगों की मौत गई है। विमान का पायलट गंभीर रूप से घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विमान में चालक दल के दो सदस्य समेत 19 लोग सवार थे। इनमें अधिकांश एयरलाइन के तकनीकी कर्मचारी थे।

हिमालयन टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, विमान त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (टीआइए) से बुधवार सुबह 11:11 बजे पोखरा के लिए उड़ान भर रहा था। लेकिन कुछ ही देर में रनवे पर फिसल जाने के बाद वह गड्ढे में गिर गया और उसमें आग लग गई। घटनास्थल से सामने आए फुटेज में घने धुएं का गुबार उठता हुआ दिखाई दे रहा है।

विमान में आग लगने के बाद पुलिसकर्मी और अग्निशमन दल के कर्मचारी बचाव कार्य में लग गए और थोड़ी देर में आग पर काबू पा लिया। सौर्य एयरलांइस का 50 सीट वाला घरेलू विमान सेवा का 9एन-एएमई (बंबार्डियर सीआरजे200) विमान नियमित मरम्मत सेवा के लिए पोखरा जा रहा था। विमान का निर्माण कनाडाई कंपनी बंबार्डियर ने अप्रैल 2003 में किया था।

टीआइए के प्रवक्ता सुबास झा ने बताया कि 15 लोगों की तुरंत मौत हो गई थी, जबकि तीन लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतकों में एयरलाइन के एक कर्मचारी की पत्नी और चार वर्ष का बेटा शामिल हैं। विमान के पायलट 37 वर्षीय कैप्टन मनीष रत्न शाक्य की हालत गंभीर है, उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

हवाईअड्डे के अधिकारियों ने बताया कि टीआइए से एहतियातन विमानों का संचालन रोक दिया गया है। इसके चलते दर्जनों अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों पर असर पड़ा है। मालूम हो कि हवाई सुरक्षा को लेकर नेपाल का खराब रिकार्ड रहा है। इसके चलते यहां 2000 से अब तक विमान दुर्घटनाओं में 350 लोग मारे जा चुके हैं। पिछले वर्ष जनवरी में यति एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था जिसमें 72 लोग मारे गए थे।

# यूएस की नागरिकों को सलाह, मणिपुर व जम्मू-कश्मीर की न करें यात्रा

**वाशिंगटन, प्रेट्र:** अमेरिका ने अपने नागरिकों से मणिपुर, जम्मू-कश्मीर, भारत-पाकिस्तान सीमा और देश के मध्य और पूर्वी हिस्सों की यात्रा न करने की सलाह दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत के लिए संशोधित यात्रा सलाह जारी की है। इसमें कहा गया है कि अपराध और आतंकवाद के कारण भारत में सावधानी बढ़ा दी गई है। कुछ क्षेत्रों में जोखिम बढ़ गया है। कुल मिलाकर भारत को लेवल-2 पर रखा गया है। लेकिन देश के कई हिस्सों को लेवल-4 पर रखा गया है। इनमें जम्मू-कश्मीर, भारत-पाक सीमा, मणिपुर और मध्य और पूर्वी भारत के कुछ हिस्से शामिल हैं। कहा है कि सशस्त्र संघर्ष की संभावना के कारण भारत-पाक सीमा के 10 किमी के क्षेत्र की यात्रा न करें।

# खालिस्तानियों ने कनाडा का माहौल दूषित किया : सांसद आर्य

## पन्नू को सांसद आर्य का जवाब, कनाडा ही हमारा देश, खालिस्तानी आतंकी ने की है कनाडाई-हिंदुओं से भारत वापस जाने की मांग

**ओटावा, प्रेट्र:** कनाडा के भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने बुधवार को कहा कि देश के माहौल को खालिस्तानी चरमपंथियों ने दूषित कर दिया है, जो अधिकारों के चार्टर के तहत दी गई स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर रहे हैं। कनाडा में बढ़ते हिंदूफोबिया के बीच अल्बर्टा राज्य के एडमंटन में सोमवार सुबह स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई और भारत विरोधी नारे लिखे गए। चंद्र आर्य ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वीडियो जारी कर मांग की है कि आर्य और उनके हिंदू-कनाडाई दोस्त भारत वापस चले जाएं, क्योंकि उन्होंने (आर्य ने) कनाडा में खालिस्तान समर्थकों द्वारा हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ व हिंसा की निंदा की थी।

एएनआइ के अनुसार, आर्य ने कहा कि कनाडाई हिंदू कहीं नहीं जाने वाले। कनाडा ही हमारा देश है। कनाडा में हिंदू केवल भारत से ही नहीं अन्य भागों से भी आकर बसे हैं। इनमें दक्षिण एशिया के सभी देश, अफ्रीका व कैरिबियाई देश शामिल हैं। अब कनाडा हमारा देश है। हम इसे मजबूत करना जारी रखेंगे। कहा, हमने देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने आगे कहा कि कनाडाई-हिंदुओं का हिंदू संस्कृति और विरासत का लंबा इतिहास रहा है।


# कुपवाड़ा में भीषण मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर, एक जवान बलिदान

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● श्रीनगर :** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में भीषण मुठभेड़ में बुधवार को एक आतंकी मारा गया और एक जवान भी वीरगति को प्राप्त हुआ। सेना की घेराबंदी में तीन से चार पाकिस्तानी आतंकियों के फंसे होने की सूचना है। उनको मार गिराने का अभियान जारी है।

सैन्य अधिकारियों ने बताया कि एलओसी से सटी लोलाब घाटी से आतंकियों के एक दल के कश्मीर के भीतरी इलाकों की तरफ जाने की सूचना मिलने पर अभियान चलाया गया था। मंगलवार शाम त्रिमुखा की पहाड़ियों में तलाशी ले रहे जवानों ने स्वचालित हथियारों से लैस आतंकियों के एक दल को जंगल से गुजरते देखा। जवानों ने उन्हें आत्मसमर्पण करने को कहा, लेकिन आतंकी भागने लगे। भागते वक्त वे पीछा कर रहे जवानों को रोकने के लिए गोलीबारी भी करते रहे। जवानों ने जवाबी फायर किया और इसके बाद दोनों तरफ से मुठभेड़ शुरू हो गई। इस दौरान तड़के एक आतंकी मारा गया और एक जवान दिलावर खान भी गंभीर रूप से घायल हो गया। जो कि उपचार के दौरान वीरगति को प्राप्त हुआ।

### पठानकोट में सात संदिग्ध देखे जाने के बाद एक का स्केच जारी

**जासं, पठानकोट :** पठानकोट जिले के फंगतोली में मंगलवार रात दिखे संदिग्ध लोगों में से किसी का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने उनमें से एक का स्केच बनाया है। डीएसपी सिटी सुमेर सिंह मान ने बताया कि पुलिस ने सर्च अभियान चलाया, लेकिन कोई संदिग्ध नहीं मिला। लोगों के बताए हुलिया के आधार पर एक व्यक्ति का स्केच जारी किया गया है।



एक संदिग्ध का पुलिस द्वारा जारी स्केच ● सौ. पुलिस

# इथियोपिया में भूस्खलन की चपेट में आकर 229 की मौत

**अदीस अबाबा, एपी:** इथियोपिया के एक दूरदराज हिस्से केनचो शाचा गोजदी जिले में भारी बारिश के कारण भूस्खलन की चपेट में आकर 229 लोगों की मौत हो गई। बचाव कार्य जारी है। प्रधानमंत्री अबी अहमद ने इसे भयानक क्षति बताया है। स्थानीय प्रशासक दग्मावी अयेले ने कहा कि पांच लोगों को जीवित बाहर निकाला गया है।

सोमवार देर रात हुए हादसे में पहले मरने वालों की संख्या 55 बताई जा रही थी। प्रधानमंत्री अबी अहमद ने कहा है कि खोज और बचाव प्रयासों में सहायता के लिए संघीय आपदा निवारण कार्य बल को तैनात किया गया है। गोफा जोन में आपदा प्रतिक्रिया एजेंसी के निदेशक मार्कोस मेलेसे ने कहा कि कई ऐसे बच्चे हैं जो मां, पिता, भाई और बहन सहित पूरे परिवार को खो चुके हैं।

पूर्वी अफ्रीकी क्षेत्र में अक्सर घातक भूस्खलन होते हैं। अप्रैल में केन्या के रिफ्ट वैली क्षेत्र में 45 लोग मारे गए, जब अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से घर बह गए थे।

# कमला के राष्ट्रपति बनने से बने रहेंगे भारत से गतिशील संबंध

- द्विपक्षीय संबंधों के पैरोकार समूह ने कहा, सब कुछ अच्छा रहेगा
- डेमोक्रेटिक पार्टी को दो दिनों में मिला 10 करोड़ डालर का चंदा

**वाशिंगटन, प्रेट्र:** अमेरिका में उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के चुनाव जीतकर राष्ट्रपति बनने से भारत के साथ अमेरिकी संबंधों में कोई अंतर नहीं आएगा। हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी की उन्हीं नीतियों को आगे बढ़ाएंगी जिन पर राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडन चल रहे हैं। यह बात भारत व यूएस व्यापार को बढ़ावा देने की पैरवी करने वाले समूह ने कही है।

यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम के प्रमुख मुकेश अघि ने कहा, उन्हें नहीं लगता है कि हैरिस के राष्ट्रपति बनने से अमेरिका की नीतियों में कोई बदलाव आएगा। खासतौर से भारत को लेकर कुछ भी नहीं बदलेगा।

50 घंटों से भी कम समय में डेमोक्रेटिक पार्टी की चुनाव प्रचार निधि में 10 करोड़ डालर से ज्यादा की धनराशि एकत्रित हो जाने से साबित होता है कि नाम प्रस्तावित होने के तीन दिनों में कमला का समर्थन लगातार बढ़ा है।

# केनेडी हत्याकांड पढ़कर थामस ने ट्रंप पर किया हमला

**वाशिंगटन, रायटर :** अमेरिका में 13 जुलाई को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के इरादे से फायरिंग करने वाला थामस क्रुक्स पूरी तैयारी से आया था। उसने छह जुलाई को करीब 61 वर्ष तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जान एफ केनेडी की हत्या से संबंधित जानकारियों को गूगल पर पढ़ा था। यह बात थामस के लैपटाप की पड़ताल में सामने आई है। मामले की जांच कर रही एजेंसी एफबीआइ के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने संसद की न्यायिक मामलों की समिति को यह जानकारी दी है। पेनसिल्वेनिया राज्य के बटलर शहर में जनसभा के दौरान ट्रंप पर सामने की छत से थामस ने आठ गोलियां चलाई थीं। इनमें से एक गोली ट्रंप का कान चीरते हुए निकल गई थी जबकि अन्य गोलियों से एक ट्रंप समर्थक की मौत हो गई थी और दो घायल हो गए थे। निदेशक रे ने बताया कि थामस ने हमले के लिए एआर-15 असाल्ट राइफल का प्रयोग किया था जिसमें कोलेप्सिबिल स्टाक लगाकर हथियार का आकार छोटा किया था ताकि वह आसानी से सभास्थल के नजदीक पहुंचा सके।

### फलस्तीनी राष्ट्रपति से बोले ट्रंप, चिंता न करें सब अच्छा होगा



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायली पीएम नेतन्याहू से शुक्रवार को होने वाली मुलाकात से पहले मंगलवार को फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से कहा कि चिंता न करें सबकुछ अच्छा होगा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसके साथ ही 13 जुलाई को उन पर हुए जानलेवा हमले के एक दिन बाद लिखे अब्बास के पत्र का स्क्रीनशाट भी अटैच किया है, जिसमें उन्होंने हमले को लेकर चिंता जाहिर की थी। ट्रंप ने लिखा कि महमूद चिंता की बात नहीं सबकुछ अच्छा होगा। मालूम हो कि अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी ट्रंप अपने आवास फ्लोरिडा के पाम बीच के मार-ए-लागो में शुक्रवार को पश्चिम एशिया में शांति को लेकर पीएम नेतन्याहू से मुलाकात करने वाले हैं।

